# कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग
## ग्वालियर परिक्षेत्र, पानी की टंकी के नीचे, मुरार– ग्वालियर

क्रमांक 2856/स्था/मु.अ./लो.स्वा.या.वि./2014/ग्वालियर, दिनांक 30.05.2014

## <u>विज्ञप्ति</u>

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, परिक्षेत्र ग्वालियर के अधीनस्थ जिला स्तर के खण्ड अंतर्गत आने वाले उपखण्डों में स्थापित होने वाली नवीन पेयजल गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशालाओं में मानदेय के आधार पर संविदा पर रसायनज्ञों एवं प्रयोगशाला सहायकों की रिक्त पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र दिनांक 23/06/2014 तक आमंत्रित किये जाते हैं :–

| स.क्र. | पद का नाम | पद संख्या | शैक्षणिक योग्यता | वांछनीय अनुभव | मानदेय प्रतिमाह |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रसायनज्ञ | 18 | बी.एस.सी. (केमिस्ट्री के साथ) | वाटर सीवेज तथा इन्डस्ट्रीयल वेस्ट परीक्षण का अनुभव प्राप्त उम्मीदवारों को अधिमान्यता | रू. 15000/– |
| 2 | प्रयोगशाला सहायक | 10 | हॉयर सैकेन्ड्री (10+2) (केमिस्ट्री विषय के साथ)उत्तीर्ण | –– निरंक–– | रू. 8000/– |

संविदा नियुक्ति किये जाने वाले रिक्त पदों का जिलेवार विवरण निम्नानुसार है :–

(अ)

| स.क्र. | जिले का नाम | रसायनज्ञ की संख्या | रिक्त पदों का आरक्षण | | | | टीप |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनु.जाति | अनु. जन जाति | अन्य पिछड़ा वर्ग | सामान्य वर्ग | |
| **1** | **2** | **3** | **4** | **5** | **6** | **7** | **8** |
| 1 | ग्वालियर | 01 | – | – | – | 01 | |
| 2 | गुना | 01 | – | – | – | 01 | |
| 3 | अशोकनगर | 02 | – | – | – | 02 | |
| 4 | शिवपुरी | 03 | 01 | – | – | 02 | |
| 5 | मुरैना | 01 | – | – | – | 01 | |
| 6 | श्योपुर | 02 | – | 01 | – | 01 | |
| 7 | सागर | 03 | 01 | – | 01 | 01 | |
| 8 | पन्ना | 02 | – | – | – | 02 | |
| 9 | दमोह | 01 | – | – | – | 01 | |
| 10 | छतरपुर | 02 | 01 | – | – | 01 | |
| 11 | टीकमगढ | 01 | – | – | – | 01 | |
| | योग | **19** | **03** | **01** | **01** | **14** | |

(ब)

| स.क्र. | जिले का नाम | प्रयोगषाला सहायक | रिक्त पदों का आरक्षण | | | | टीप |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनु.जाति | अनु. जन जाति | अन्य पिछड़ा वर्ग | सामान्य वर्ग | |
| **1** | **2** | **3** | **4** | **5** | **6** | **7** | **8** |
| 1 | गुना | 01 | — | — | — | 01 | |
| 2 | अशोकनगर | 01 | — | — | — | 01 | |
| 3 | शिवपुरी | 01 | — | — | — | 01 | |
| 4 | श्योपुर | 01 | — | — | — | 01 | |
| 5 | सागर | 03 | 01 | — | — | 02 | |
| 6 | पन्ना | 01 | — | — | — | 01 | |
| 7 | छतरपुर | 02 | — | — | — | 02 | |
| 8 | टीकमगढ | 01 | — | — | — | 01 | |
| | **योग** | **11** | **01** | | | **10** | |

**संविदा नियुक्ति की शर्तेः—**

1. रसायनज्ञ एवं प्रयोगशाला सहायक के पद पर मानदेय के आधार पर संविदा अनुबंध आधारित नियुक्ति चयन समिति द्वारा की जावेगी । नियुक्त उम्मीदवार को निर्धारित अनुबंध प्रपत्र भरकर देना होगा । नियुक्ति एक वर्ष के लिए की जावेगी एवं कार्य संतोषजनक रहने पर इनके अनुबंध, वार्षिक आधार पर, आवश्यकतानुसार, नवीनीकृत किये जा सकेंगे।
2. ये पद जिला स्तरीय हैं एवं इन पदों पर मानदेय आधारित भर्ती हेतु जिला स्तरीय रोस्टर के अनुसार आरक्षण नियमों का पालन किया जाएगा ।
3. उम्मीदवारों की आयु सीमाः— सामान्य पुरूष — 18 से 35 वर्ष एवं पुरूष आवेदक आरक्षित (अ/जा, अनुजजाति, अन्य पिछडा वर्ग ) के लिए 40 वर्ष तक, महिला उम्मीदवारों को अधिकतम आयु सीमा में 10 वर्ष की विशेष छूट, तलाकशुदा, परित्यक्तता को 5 वर्ष की अतिरिक्त छूट, अनु0जा/ज.जा0 तथा अन्य पिछडा वर्ग महिला आयु सीमा 50 वर्ष तक एवं शासन द्वारा जारी समय समय पर आदेशों अनुसार विशेष छूट।
4. चयन प्रक्रिया :— रसायनज्ञ पद के लिए चयन हेतु हायर सेकेन्डरी (10+ 2) में प्राप्तांकों के प्रतिशत तथा बी.एससी. में प्राप्तांक के प्रतिशत का औसत निकालकर वरीयता सूची तैयार की जाएगी। इस वरीयता सूची में से उपलब्ध पदो ंके पांच गुना आवेदकों को साक्षात्कार हेतु बुलाया जाएगा । साक्षात्कार के पश्चात अंतिम चयन सूची के लिए हायर सेकेन्डरी (10+ 2) में प्राप्तांकों का 40 प्रतिशत वेटेज, बी.एससी. में प्राप्तांकों के लिए 40 प्रतिशत वेटेज एवं साक्षात्कार में प्राप्तांकों के लिए 20 प्रतिशत का वेटेज देकर अंतिम चयन किया जाएगा ।

प्रयोगशाला सहायक– के लिए भी हायर सेकेन्डरी (10+ 2) के कुल प्राप्तांकों के आधार पर प्राप्त आवेदनों की वरीयता सूची बनाकर इसमें से उपलब्ध पदों की पांच गुना संख्या के आवेदकों को साक्षात्कार हेतु बुलाया जाएगा । इस साक्षात्कार के उपरांत हायर सेकेन्डरी (10+ 2) में प्राप्तांकों के लिए 75 प्रतिशत वेटेज एवं साक्षात्कार के लिए 25 प्रतिशत वेटेज दिया जाकर अंतिम चयन किया जाएगा।

5. नियुक्ति के पूर्व सभी संबंधितों को मूल दस्तावेज का अवलोकन कराना होगा।
6. अन्य नियम व शर्ते मुख्य अभियंता, के अधिकार क्षेत्र में सुरक्षित रहेगी।
7. आवेदक को म.प्र. का मूल निवासी होना अनिवार्य है । मूल निवासी के संबंध में सक्षम अधिकारी का स्थायी निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना है।
8. जाति संबंधी जानकारी हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा स्थायी रूप से प्रदत्त जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना है।
9. आवेदक/आवेदिका का म.प्र. के किसी भी जिले का रोजगार कार्यालय में विज्ञापन जारी होने के दिनांक से एक माह पूर्व का जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है जिसकी छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न करना है।
10. आवेदन पत्र का प्रारूप दिया जा रहा है जिसे निर्धारित प्रारूप में भरकर सीलबंद लिफाफे में व्यक्तिगत/डाक से प्रस्तुत करना अनिवार्य है, असत्यापित एवं अपूर्ण आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
11. आवेदन पत्रों की संख्या को देखते हुए साक्षात्कार हेतु बुलाने का पूर्ण अधिकार नियुक्तिकर्ता अधिकारी को होगा।
12. साक्षात्कार हेतु कार्यालय द्वारा जारी किये गये बुलावा पत्र (Call Letter) में दर्शायी गयी नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होना अनिवार्य है।
13. आवेदिक/आवेदिका एक से अधिक जिलों का आवेदन प्रस्तुत कर सकता है किन्तु प्रत्येक जिले के लिए पृथक–पृथक आवेदन पत्र प्रस्तुत करना होगा।
14. नियुक्ति पश्चात् पद स्थापना उपरोक्त तालिका में दर्शायें गये स्थानों में होना है।
15. अभ्यार्थी को अपने आवेदन पत्र के साथ सभी आवश्यक शैक्षणिक, जाति, मूल निवासी, रोजगार पंजीयन, विकलांगता एवं अनुभव इत्यादि के प्रमाणपत्रों की राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित छायाप्रतियाँ प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
16. नियम एवं शर्ते विभागीय website www.mpphed.gov.in. पर देखी जा सकती है।

मुख्य अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग,
ग्वालियर परिक्षेत्र, ग्वालियर
30/5/014

# आवेदन पत्र का प्रारूप (हिन्दी में)
## (रसायनज्ञ/प्रयोगशाला सहायक पद हेतु आवेदन पत्र)

| |
|---|
| **नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो (राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित)** |

प्रति,

मुख्य अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग,
ग्वालियर परिक्षेत्र ग्वालियर

विषय :– जिला ..................................में ........................................... पद पर संविदा नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र ।

**1.** (अ) आवेदक/आवेदिका का पूरा नाम (हिन्दी में) :– ..........................................................................................
(ब) अंग्रेजी में (कैपिटल अक्षरों में) :– ..........................................................................................................

**2.** पिता/पति का नाम :– ..........................................................................................................

**3.** लिंग–(महिला/पुरूष) :– ..........................................................................................................

**4.** पत्र व्यवहार का पता (पिन कोड सहित) :– ..........................................................................................

**5.** पत्र व्यवहार का स्थायी पता (पिन कोड सहित) :– ..........................................................................

**6.** जन्मतिथि (10+2 परीक्षा के प्रमाण पत्र पर आधारित सत्यापित) :– ..................................................................

**7.** दिनांक **31.05.2014** को आयु ..............................वर्ष .......................माह......................दिन............................

**8.** जाति :– ..........................................................................(सक्षम अधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति)

**9.** क्या आवेदक/आवेदिका निःशक्त है हाँ/ना :– ..............................

**10.** निःशक्तता का प्रकार एवं प्रतिशत :– ...........................(सक्षम अधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति)

**11.** रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन क्रमांक ............................................दिनांक ............................................
एवं रोजगार कार्यालय का नाम .......................................(सक्षम अधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति)

**12.** शैक्षणिक योग्यता :– **(1) हाईस्कूल (2) हायर सैकेन्ड्री (3) इन्टर मीडियेट** (प्राप्तांकों का प्रतिशत **स.क्र. परीक्षा का नाम बोर्ड का नाम यूनीर्वसिटी का नाम** अंकित करें) (प्रमाणपत्रों की सत्यापित प्रति)

**13.** अनुभव यदि हो तो :– ...................................................................................(प्रमाणपत्रों की सत्यापित प्रति)
(वॉटर, सीवेज तथा इंडस्ट्रियल वेस्ट परीक्षण के अनुभव को अधिमान्यता)

**14.** संलग्न प्रमाणपत्रों की सत्यापित प्रतियों की सूची में अंकित नाम सहित :–

(1) ................................... (2) .................................. (3) ...............................
(4) .................................. (5) .................................. (6) ...............................

## घोषणा पत्र

मै घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा ऊपर दी गई जानकारियाँ सत्य है, अगर असत्य पाई जाती है तो मेरे खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी। मैं यह भी घोषित करता/करती हूँ कि मेरे अन्तिम जीवित बच्चों का जन्म (यदि दो से अधिक जीवित बच्चे हों तो) 26.01.2001 के पश्चात् नहीं हुआ है।

**दिनांक ...........................स्थान ...........................**

**आवेदक/आवेदिका के हस्ताक्षर**

# कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग
# ग्वालियर परिक्षेत्र, पानी की टंकी के नीचे, मुरार– ग्वालियर

दूरभाष 0751–4031502, फैक्स–2365438

क्रमांक 3054 / स्था / मु.अ. / ला.स्वा.या.वि. / 2014 / ग्वालियर, दिनांक 12/06/2014

प्रति,

संचालक,
जनसंपर्क संचालनालय (प्रकाशन शाखा)
मध्यप्रदेश, बाणगंगा रोड, भोपाल

विषयः– लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ग्वालियर परिक्षेत्र के अंतर्गत संविदा आधार पर रसायनज्ञ एवं प्रयोगशाला सहायकों की नियुक्ति हेतु विज्ञप्ति का प्रसारण कराने बाबत।

संदर्भः
1. म0प्र0शासन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग मंत्रालय का पत्र क्रमाक एफ–1–11 / 2010 / 1 / 34 भोपाल, दिनांक 29.10.2010
2. प्रमुख अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सतपुड़ा भवन भोपाल का पत्र क्रमांक11272 / स्था / अराज / दिनांक 11.11.2013
3. इस कार्यालय का पत्र क्र. 2856 / स्था. / दिनांक 30.05.2014

विषयानतर्गत लेख है, कि इस परिक्षेत्र अन्तर्गत संविदा अनुबंध आधारित रसायनज्ञ एवं प्रयोगशाला सहायकों की नियुक्ति रिक्त पद हेतु योग्य उम्मीदवारों से आवेदन प्राप्त करने हेतु विज्ञप्ति का प्रसारण किये जाने हेतु इस कार्यालय का पत्र क्र. 2856 / स्था. / दिनांक 30.05.2014 विज्ञप्ति का प्रारूप संलग्न कर भेजा गया था । विज्ञप्ति में दर्शाये अनुसार संविदा नियुक्ति की शर्त क्र. 3 में मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय बल्लभ भवन भोपाल क्र. सी.3–11 / 12 / 1 / 3, भोपाल दिनांक 03.11.2012 के तहत निम्नानुसार संशोधन प्रकाशित करने का कष्ट करें।

शासकीय सेवाओं में सीधी भर्ती से नियुक्ति के लिये अधिकतम आयु सीमा की गणना निम्नानुसार है :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | पुरूष आवेदक (अनारक्षित वर्ग) | 40 वर्ष |
| 2. | पुरूष आवेदक (शासकीय / निगम / मण्डल / स्वशासी संस्था के कर्मचारी तथा नगर सैनिक) | 40 वर्ष |
| 3. | पुरूष आवेदक (आरक्षित वर्ग– अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग) | 45 वर्ष |
| 4. | पुरूष आवेदक (आरक्षित वर्ग– शासकीय / निगम / मण्डल / स्वशासी संस्था के कर्मचारी तथा नगर सैनिक) | 45 वर्ष |
| 5. | महिला आवेदक (अनारक्षित वर्ग) | 45 वर्ष |
| 6. | महिला आवेदक (शासकीय / निगम / मण्डल / स्वशासी संस्था के कर्मचारी तथा नगर सैनिक) (विधवा / परित्यकता / तलाकशुदा) | 45 वर्ष |
| 7. | महिला आवेदक (आरक्षित वर्ग– अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग) | 45 वर्ष |

सभी प्रकार की छूटों को शामिल करते हुये किसी भी स्थिति में, किसी भी प्रवर्ग के लिये अधिकतम आयु–सीमा 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

अतः आवेदनकर्ता की आयु की गणना उक्त वर्णित तालिका अनुसार रहेगी एवं संविदा नियुक्ति की शेष शर्तें यथावत रहेंगीं।

मुख्य अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग,
ग्वालियर परिक्षेत्र, ग्वालियर

पृ0क्रमॉक / स्था / मु.अ. / लो.स्वा.यां.वि. / 2014 / ग्वालियर, दिनांक

प्रतिलिपिः–

1. प्रमुख अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सतपुडा भवन, भोपाल की ओर उनके पत्र क्रमांक 11272 / स्था. / अराज / दिनांक 11.11.2013 एवं कार्यालय संचालक जल सहायता संगठन, राज्य जल मिशन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सतपुड़ा भवन भोपाल के पत्र कं. 221 / दिनांक 23.05.2014 एवं इस कार्यालय का पत्र क्र. 2856 / स्था. / दिनांक 30.05.2014 के संदर्भ में सूचनार्थ प्रेषित।
2. श्री आलोक जैन कार्यपालन यंत्री **CCDU** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, सतपुड़ा भवन भोपाल की ओर भेजकर लेख है कि इस कार्यालय का पत्र क्र. 2856 / स्था. / दिनांक 30.05.2014 के विज्ञप्ति में दर्शाये अनुसार संविदा नियुक्ति की शर्त क्र. 3 में मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय बल्लभ भवन भोपाल क्र. सी.3–11 / 12 / 1 / 3, भोपाल दिनांक 03.11.2012 के तहत निम्नानुसार संशोधन प्रकाशित करने हेतु विभागीय **Website www.mpphed.gov.in** पर अपलोड कराने का कष्ट करें।

मुख्य अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग,
ग्वालियर परिक्षेत्र, ग्वालियर